बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस–13, दरभंगा

निविदा आमंत्रन सूचना।

बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस–13, दरभंगा में वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए दैनिक उपयोग एवं उपस्कर से संबंधित सामग्री के आवश्यकता अनुसार उचित दर पर आपूर्ति हेतु अनुभवी एवं इच्छुक फार्मो से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक–10.04.2022 से 25.04.2022 समय 10.00 बजे से 16.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में जमा कराया जा सकता है। फैक्स/स्पीड पोस्ट अथवा ई–मेल के द्वारा भेजी गयी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। न्यूनतम दर प्रस्तावित करने वाले फार्म का ही निविदा स्वीकार की जायेगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों की नामावली सूची एवं शर्त की पूर्ण विवरणी कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा की शर्ते निम्नवत् है:–

01. कोई भी निविदा निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् स्वीकार नहीं की जायेगी।
02. फार्म का निबंधन प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 से निबंधित प्रमाण पत्र, पैन नम्बर एवं आधार कार्ड की छायाप्रति निविदा के साथ स्वहस्ताक्षरित संलग्न करेगें।
03. फार्म काली सूची में नहीं हो का स्वलिखित प्रमाण पत्र संलग्न करेगें।
04. निविदा फार्म के पैड पर सामान का नाम दर एवं वजन स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए निविदा समर्पित करेगें।
05. सफल निविदा दाता ससमय आपूर्ति आदेश के अनुरूप करेगें। ससमय आपूर्ति नहीं करने पर निविदा रद्द की जा सकती है।
06. किसी निविदा पर अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम होगा।
07. सामान आपूर्ति हेतु अलग से कोई किराया नहीं दिया जायेगा।
08. आमंत्रण सूचना को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को पूर्ण रूप से सुरक्षित होगा।

समादेष्टा
बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस–13,
दरभंगा।